



# ज्वेरेव, सबालेंका की मैड्रिड में लगातार जीत जारी

## दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मैड्रिड, 28 अप्रैल । मैड्रिड ओपन 2026 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है.**





पुरुष सिंगल्स में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने लगातार नौवीं जीत दर्ज करते हुए अंतिम-16 में जगह बना ली, जबकि महिला सिंगल्स में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया. पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव ने टेरेंस आत्मान को 6-3, 7-6(2) से हराया. मुकाबला 1 घंटे 37 मिनट तक चला, जिसमें दूसरे सेट में उन्हें कुछ दबाव का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेक में मजबूत वापसी करते हुए जीत पक्की की. इस जीत के साथ ज़्वेरेव ने मैड्रिड में अपने नौ में से नौ मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाए रखा है, जो उनकी इस टूर्नामेंट में निरंतरता और दबदबे को दर्शाता है. ज़्वेरेव इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं और चारों मास्टर्स 1000 इवेंट्स के अंतिम-16 में पहुंचने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं. अब उनका सामना याकूब मेन्सिक से होगा, जिन्होंने कैरेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है. वहीं ड्रॉ के उसी हिस्से में दानिल मेदवेदेव और फ्लेवियो कोबोली भी आगे बढ़ते दिख रहे हैं, जिससे यह सेक्शन बेहद प्रतिस्पर्धी बन गया है.

महिला सिंगल्स में आर्यना सबालेंका ने भी दमदार वापसी करते हुए नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-3, 6-2 से हराया. एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने शानदार कमबैक किया और लगातार 15वीं जीत दर्ज की. यह उनकी मैड्रिड में लगातार नौवीं जीत भी रही, जिससे उनका यहां दबदबा और मजबूत हो गया है.

> सबालेंका अब क्वार्टर-फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट का सामना करेंगी, जिन्होंने बेलिंडा बेनसिक को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में हराया. वहीं दूसरी ओर, कोको गॉफ को चेक खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने उलटफेर करते हुए बाहर कर दिया, जिससे महिला ड्रॉ में बड़ा बदलाव देखने को मिला. दोनों वर्गों में शीर्ष खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन दिखाता है कि मैड्रिड ओपन 2026 अब अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहा है, जहां हर मैच में कड़ी टक्कर और बड़े उलटफेर देखने को मिल रहे हैं.

# मैड्रिड ओपन : क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे जानिक सिनर

**मैड्रिड, 28 अप्रैल टेनिस के दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने मंगलवार को यहाँ 2026 मैड्रिड ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से आसानी से हरा दिया.**



24 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहला सेट एकतरफ़ा अंदाज़ में अपने नाम कर लिया. दूसरे सेट में 3-2 के स्कोर पर कुछ पल के लिए उनका खेल थोड़ा कमज़ोर पड़ा, जिससे नॉरी को स्कोर बराबर करने का मौका मिल गया, लेकिन सिनर ने तुरंत और सटीक जवाब दिया. 5-5 के स्कोर पर, सिनर ने एक बार फिर दबाव बनाया; जब ब्रिटिश खिलाड़ी से चूक हुई, तो सिनर ने उस मौके का फ़ायदा उठाते हुए निर्णायक 'ब्रेक' हासिल कर लिया. इसके बाद, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ मैच को समाप्त किया और 87 मिनट में मैच जीतकर अपनी 'मास्टर्स 1000' जीत की लय को 25 मैचों तक पहुँचा दिया.

## एक नजर में

### चोट के कारण सीजन से बाहर हो सकते हैं एम्बाप्पे

**मैड्रिड.** रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड किलियन एम्बाप्पे पर ला लीगा सीज़न के आखिरी पाँच मैच, जिनमें 10 मई को एफसी बार्सिलोना के खिलाफ होने वाला मैच भी शामिल है, न खेल पाने का खतरा मंडरा रहा है. क्लब ने इस बात की पुष्टि की है कि शुक्रवार रात रियल बेटिस के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच के दौरान एम्बाप्पे को मांसपेशियों में चोट लग गई थी. मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले एम्बाप्पे को मैदान छोड़ना पड़ा था, उस समय रियल मैड्रिड 1-0 से आगे चल रहा था; लेकिन हेक्टर बेलेरिन के आखिरी पलों में किए गए बराबरी वाले गोल ने इस सीजन का खिताब जीतने की मैड्रिड की उम्मीदों पर लगभग पानी फेर दिया. रियल मैड्रिड की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, 'आज किलियन एम्बाप्पे के किए गए टेस्ट के बाद, यह पता चला है कि उनके बाएँ पैर की सेमीटेंडिनोसस मांसपेशी में चोट लगी है.' रियल मैड्रिड की पुरानी परंपरा के अनुसार, इस बार भी एम्बाप्पे की वापसी की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है. क्लब ने बस इतना कहा है कि वे इस फ्रांसीसी खिलाड़ी की 'रिकवरी में हो रही प्रगति का इंतज़ार कर रहे हैं.' एम्बाप्पे ने इस सीज़न में ला लीगा में अब तक 24 गोल किए हैं.



### ईरान से ओमान का फुटबॉल मुकाबला

**सान्या.** सामी फ़ैल अल-बुलुशी ने हैट्रिक बनाई, जिससे ओमान ने यहाँ एशियाई बीच गेम्स के बीच सॉकर सेमीफ़ाइनल में सऊदी अरब को एक्स्ट्रा टाइम के बाद 5-4 से हरा दिया. बुधवार को होने वाले फ़ाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा, जिसने दूसरे सेमीफ़ाइनल में फ़िलिस्तीन को 9-1 से हराया. सऊदी टीम 3-1 से पिछड़ने के बाद तीसरे पीरियड में वापसी करते हुए स्कोर 4-4 से बराबर करने में कामयाब रही, जिससे मैच एक्स्ट्रा टाइम में चला गया; इसी दौरान सोमवार को अल-बुलुशी ने एक 'बाइसाइकिल किक' के ज़रिए अपनी हैट्रिक पूरी की. अल-बुलुशी ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूँ क्योंकि मैंने अपनी टीम को जीत दिलाने में मदद की, और मैंने इस मैच में तीन गोल किए.' मैच के बाद ओमान के कोच अल-थानावी तालिब ने कहा, 'मैंने एक्स्ट्रा टाइम शुरू होने से पहले मैदान पर अल-बुलुशी समेत तीन अनुभवी खिलाड़ियों को उतारा था. और मेरी यह रणनीति कामयाब रही.'



### हम मैच की निराशा से उबर ही नहीं पाए थे : अक्षर

**नयी दिल्ली.** शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा. दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ख़िलाफ़ उसी बल्लेबाज़ी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेज़लवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाज़ी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ़ 16.3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई. डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ़ ख़राब बल्लेबाज़ी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और ख़राब क़िस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया. प्रेस कॉन्फ़्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी. इतने रन बनाने के बाद अगर आप देखोगे तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है. लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफ़ेंड नहीं कर सकते हैं. उन्होंने साथ ही कहा, 'इसके अलावा हमारी क़िस्मत भी इस मैच में ख़राब थी. ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज़ सेट होकर आउट हुआ. यह हमारा ख़राब क़िस्मत ही था कि कोई भी बल्लेबाज़ पिच पर खड़ा ही नहीं हो पाया और पहले 15-16 गेंद (23 गेंद) में ही हमारे छह विकेट चले गए थे.



### दिल्ली को नए सिरे से शुरुआत करनी होगी

**नयी दिल्ली.** दिल्ली कैपिटल्स के 75 रन पर ढेर होने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ख़िलाफ़ बड़ी हार झेलने के बाद पीयूष चावला ने कहा है कि यह 'डीसी के लिए घबराने का समय नहीं है बल्कि उन्हें यह सब भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी.' ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर चावला ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के इतिहास को देखते हुए थोड़ी घबराहट जरूर होगी, लेकिन अभी घबराने के लिए यह सही समय नहीं है. उन्हें साथ बैठना होगा, इस पर चर्चा करनी होगी और नए सिरे से शुरुआत करनी होगी क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट की शुरुआत काफ़ी अच्छी तरीके से की थी. ऐसा नहीं है कि तीन सप्ताह में टीम बदल गई है या उनके खेलने का तरीका बदल गया है.' आईपीएल में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाने के सिर्फ़ दो दिन बाद, डीसी अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी के ख़िलाफ़ अपने तीसरे सबसे कम स्कोर पर सिमट गई थी. टीम ने सीजन की शुरुआत लगातार दो जीत के साथ की थी, लेकिन अगले छह मैचों में वे केवल एक जीत हासिल कर सके. महत्वपूर्ण मौक़ों पर कैच छोड़ना भी उन्हें भारी पड़ रहा है. शनिवार को करुण नायर ने श्रेयस अय्यर के दो कैच छोड़े, जिसके बाद पंजाब किंग्स ने टी20 इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज़ पूरा किया.



# राजस्थान ने रोका पंजाब का विजय रथ

## यशस्वी-फरेरा की आतिशी पारी ने 6 विकेट से पराजित किया



**मुल्लांपुर 28 अप्रैल.** आईपीएल 2026 का 40वां मुकाबला मंगलवार को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया. जिसमें राजस्थान की टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल की. ये आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की पहली हार है. ये मैच न्यू चंडीगढ़ में हुआ. जहां टॉस जीतकर राजस्थान ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. पंजाब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रभसिमरन सिंह और मार्क्स स्टोइनिस की फिफ्टी के दम पर 222 रन बनाए थे. इसके जवाब में उतरी राजस्थान ने आखिरी ओवर में ये टोटल चेज कर लिया.

223 रनों के जवाब में उतरी राजस्थान की शुरुआत वैभव और यशस्वी ने की. वैभव ने 16 गेंद में 43 रन बनाए. जिसमें 5 छक्के और 3 चौके जड़े यानी केवल 1 रन दौड़कर लिया. लेकिन चौथे ओवर में अर्शदीप ने उनका विकेट झटका. इसके बाद यशस्वी ने धुआंधार बल्लेबाजी की और 27 गेंद में 51 रन जड़ दिए. वहीं रियान पराग ने भी अच्छी बल्लेबाजी की. ध्रुव जुरेल ने भी 16 रन बनाए. लेकिन इसके बाद फरेरा और शुभम दुबे का तूफान आया. फरेरा ने 26 गेंद में नाबाद 52 रनों की पारी खेली और शुभम ने नाबाद 12 गेंद में 31 रन बनाए. जिसके दम पर राजस्थान ने ये मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया. इससे पहले पंजाब के लिए प्रियाश के बल्ले से 11 गेंद में 29 रन आए. लेकिन इसके बाद प्रभसिनरन सिंह और कूपर कोनली ने पारी को संभाला और पावरप्ले में पंजाब का स्कोर 65-1 तक पहुंचा दिया. इसी बीच, 12वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने 35 गेंद में फिफ्टी लगाई. लेकिन प्रभसिमरन 44 गेंद में 59 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद श्रेयस अय्यर भी 27 गेंद में 30 रन बना सके. लेकिन मार्कस स्टोइनिस ने तेजी से रन बनाए और 20 गेंद में ही फिफ्टी जड़ दी. जिसके चलते पंजाब की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 222 रन बनाए.

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह | 59 | 44 | 6 | 1 |
| प्रियांश आर्य | 29 | 11 | 5 | 1 |
| कूपर कॉनॉली | 30 | 14 | 2 | 3 |
| श्रेयस अय्यर | 30 | 27 | 1 | 1 |
| मार्क्स स्टोइनिस | 62 | 22 | 4 | 6 |
| सूर्यांश शेडगे | 3 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 9, **कुल** 20 ओवर में 222/4

**राजस्थान गेंदबाजी**- जोफ्रा आर्चर 4-0-40-1, नंद्रे बर्गर 4-0-59-1, ब्रिजेश शर्मा 4-0-42-0, यशराज पुंजा 4-0-41-2, रवीन्द्र जड़ेजा 4-0-32-0.

| राजस्थान बल्लेबाजी खिलाडी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल | 51 | 27 | 7 | 1 |
| वैभव सूर्यवंशी | 43 | 16 | 3 | 5 |
| ध्रुव जुरेल | 16 | 20 | 0 | 1 |
| रियान पराग | 29 | 16 | 2 | 2 |
| डोनोवन फरेरा | 52 | 26 | 6 | 3 |
| शुभम दुबे | 31 | 12 | 3 | 2 |

**अतिरिक्त** 6, **कुल** 19.2 ओवर में 228/4

**पंजाब गेंदबाजी**- अर्शदीप सिंह 4-0-68-1, लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-57-0, मार्को जानसन 3.2-0-41-0, हरप्रीत बराड़ 4-0-25-0, युजवेंद्र चहल 4-0-36-3.

# भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे ऊपर

**नयी दिल्ली, 28 अप्रैल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को उनके आईपीएल 2026 घरेलू मुक़ाबले में 75 रन पर ऑलआउट कर दिया. गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन के चलते पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया. मैच में सिर्फ़ 152 रन बने, लेकिन फिर भी ऑरेंज कैप की रैंकिंग में भी बदलाव हुआ.**

भुवनेश्वर कुमार ने डीसी के ख़िलाफ़ 3-0-5-3 के आंकड़े दर्ज किए, जिसमें उनके तीनों विकेट पावरप्ले में आए और आरसीबी ने डीसी को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया. इसके साथ ही भुवनेश्वर अब पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं. अंशुल कंबोज और इशान मलिंगा की तरह भुवनेश्वर के भी 14 विकेट हैं, लेकिन उनका औसत 16.85, उन्हें कंबोज (16.92) और मलिंगा (18.21) से आगे ले गया. आरसीबी के बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने डीसी के ख़िलाफ़ एक विकेट लेकर शीर्ष दस विकेट लेने वालों की सूची में जगह बनाई. उनके अब नौ विकेट हैं, जो कि कार्तिक त्यागी, जेमी ओवर्टन और वैभव अरोड़ा के बराबर हैं, लेकिन उनका औसत (26.55), अन्य तीनों से बेहतर है.



> जॉश हेज़लवुड ने भी भुवनेश्वर का साथ देते हुए पावरप्ले में तीन विकेट झटके, जिससे डीसी का स्कोर आईपीएल इतिहास के सबसे खराब पावरप्ले स्कोर 13/6 तक पहुंच गया. बाद में उन्होंने एक और विकेट लिया और 3.3-0-12-4 के आंकड़े के साथ मैच ख़त्म किया. उनके विकेटों की संख्या अब दोगुनी होकर आठ हो गई है और वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं.
>
> **ऑरेंज कैप:** विराट कोहली ने दिल्ली में 76 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 23 रन बनाए और आईपीएल में 9000 रन पूरे किए. इस पारी के साथ वह ऑरेंज कैप की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए. उनके 351 रन हैं, जबकि औसत 58.50 का है. कोहली अब वैभव सूर्यवंशी से सिर्फ़ छह रन पीछे हैं, जबकि सूर्यवंशी, ख़ुद केएल राहुल से केवल एक रन पीछे हैं.

# भारतीय टेबल टेनिस टीम को 90 लाख से ज्यादा का सपोर्ट मिला

**नयी दिल्ली, 28 अप्रैल भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने भारतीय टेबल टेनिस टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए 90 लाख रुपये से ज़्यादा का व्यापक सपोर्ट दिया है.**



यह सपोर्ट ऐतिहासिक शताब्दी आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए है, जो मंगलवार को लंदन में शुरू हो रही है. यह इवेंट 28 अप्रैल से 10 मई तक वेम्बली के ओवो एरिना में होगा. 19 सदस्यों वाली भारतीय टीम, जिसमें 10 खिलाड़ी, तीन कोच, तीन सपोर्ट स्टाफ और तीन स्पैरिंग पार्टनर शामिल हैं, इस प्रतिष्ठित वैश्विक इवेंट में देश का प्रतिनिधित्व कर रही है. इस टीम में मनिका बत्रा, ज्ञानशेखरन सत्यन, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं, जो पुरुष और महिला दोनों वर्गों में चुनौती पेश करेंगे.

> भारतीय पुरुष टीम को स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है, जबकि महिला टीम ग्रुप स्टेज में यूक्रेन, युगांडा और रवांडा का सामना करेगी. ग्रुप स्टेज के मैच 28 अप्रैल से 1 मई के बीच होंगे. भारतीय टीमें इस बार और आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही हैं; 2024 में बुसान में हुए इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों टीमें नॉकआउट स्टेज तक तो पहुंची थीं, लेकिन राउंड ऑफ़ 32 में बाहर हो गई थीं.

**इंडियन प्रीमियर लीग 2026** ▶ वानखेड़े में टक्कर, मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा

# आज मुंबई बनाम हैदराबाद का हाईवोल्टेज मुकाबला

**मुंबई, 28 अप्रैल 2026: इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 41वां मुकाबला बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद आमने-सामने होंगी.**

यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि एक तरफ मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बचाने की कोशिश में है, तो दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद अंक तालिका में अपनी मजबूत स्थिति को और पुख्ता करना चाहेगी.




मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है. सात मुकाबलों में सिर्फ दो जीत के साथ टीम प्लेऑफ की दौड़ में लगभग पिछड़ती नजर आ रही है. टीम का प्रदर्शन लगातार अस्थिर रहा है, जहां बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में संतुलन की कमी साफ दिखाई दी है. कई मौकों पर मजबूत शुरुआत के बावजूद टीम बड़े स्कोर या लक्ष्य का पीछा करने में विफल रही है. ऐसे में यह मुकाबला मुंबई के लिए 'करो या मरो' जैसा बन चुका है, क्योंकि एक और हार उन्हें टूर्नामेंट से लगभग बाहर कर सकती है.

कप्तान हार्दिक पंड्या पर इस समय सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है कि वह टीम को एकजुट कर वापसी कराएं. रोहित शर्मा की अनुभवपूर्ण मौजूदगी और सूर्यकुमार यादव की विस्फोटक बल्लेबाजी टीम के लिए उम्मीद की किरण बने हुए हैं, लेकिन मध्यक्रम की अस्थिरता लगातार चिंता का विषय बनी हुई है. गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह की अगुवाई के बावजूद शुरुआती विकेट लेने और डेथ ओवर्स में रन रोकने में टीम नाकाम रही है, जिससे विपक्षी टीमें बड़े स्कोर खड़ा करने में सफल रही हैं. इसके विपरीत, सनराइजर्स हैदराबाद इस सीजन में शानदार फॉर्म में नजर आ रही है. आठ मुकाबलों में पांच जीत के साथ टीम अंक तालिका के शीर्ष के करीब मजबूती से बनी हुई है. कप्तान पैट कमिंस के नेतृत्व में टीम ने आक्रामकता और रणनीति का बेहतरीन संतुलन दिखाया है.

> वानखेड़े स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है. यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड बड़े स्कोर की संभावना बढ़ाती हैं. हाल के मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 187 रन रहा है, जिससे साफ है कि यह एक हाई-स्कोरिंग मुकाबला हो सकता है. टॉस भी यहां अहम भूमिका निभाएगा, क्योंकि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना अपेक्षाकृत आसान माना जाता है.